नपाप सीमा के विस्तार को शुरू हुई प्रक्रिया

जांस, बहराइच : नगर पालिका परिषद ने सीमा विस्तार के लिए कवायद शुरू की है। तहसील को पत्र भेजकर लेखपालों की ड्यूटी लगाकर जरूरी आकड़े उपलब्ध कराने की मांग की गई है। सीमा विस्तार का कार्य एक निर्धारित प्रक्रिया से होकर पूरा होना है। शहर के पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशा में नए मुहल्ले व कालोनियों का विकास हुआ है। इन क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं नाली, सड़क, पानी, बिजली, साफ सफाई के व्यापक प्रबंध मुहैया नहीं है। शहर से सटे होने के चलते इन क्षेत्रों के लोग लंबे समय से नपाप की सीमा में शामिल होने की इच्छा जता रहे है। विकास भवन के ठीक पीछे बहराइच देहाती के नाम से दर्ज क्षेत्र डेढ़ दशक पहले नपाप की सीमा में शामिल था लेकिन बाद मे यह पंचायत में शामिल कर दिया गया। नपाप ने यहां अपने कार्यकाल के समय नाली,खडंजा का कार्य भी कराया था। सीमा विस्तार के लिए नगर पालिका की ओर से सदर तहसीलदार को पत्र भेजकर लेखपालों के सहयोग की अपेक्षा जताई गई है। शहर से सटे क्षेत्रों के लेखपाल नवविकसित क्षेत्रों के गांटा संख्या व अन्य जरूरी आकड़े उपलब्ध कराएगें। आकड़ो को एकत्र करने के बाद इसे शासन भेजा जाएगा। इसके बाद शामिल किए जाने वाले क्षेत्रों को लेकर आपत्ति और अनापत्ति मांगी जाएंगी। हालांकि यह एक लंबी प्रक्रिया है।